कार्यालय भू–प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान, जयपुर

विमान भवन, गोपालबाड़ी, जयपुर–302001 दूरभाष नं. 0141–2373904 ईमेल:- scr-rj@nic.in

क्रमांक/फा/सस्था–I/ SI भर्ती-2021/भूप्रआ/2026/04285/ **दिनांक:- signed date**

कार्यालय आदेश

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ जयपुर द्वारा एस.बी. सिविल रिट संख्या 13806/2024 (निर्णय दिनांक 28.08.2025), डी.बी. स्पेशल अपील संख्या 1364/2025 (निर्णय दिनांक 04.04.2026) एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्पेशल लीव टू अपील (SLP) संख्या 14915/2026 (निर्णय दिनांक 04.05.2026) के तहत प्रतिपादित सिद्धांतों की पालना में, महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 12.05.2026 द्वारा उपनिरीक्षक पुलिस संयुक्त प्रतियोगी भर्ती परीक्षा-2021 के नियुक्ति आदेश निरस्त किए गए है।

अत: माननीय न्यायालयों के उक्त निर्णयों, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के निर्देश दिनांक 29.05.2026 एवं एस ओ जी के पत्र राजकाज नम्बर 22969660 दिनांक 25.06.2026 के अनुक्रम में इस विभाग में निम्नलिखित पूर्व पटवारियों को उनके पूर्व धारित पद पर सेवा निरंतरता (Continuation of Service) के साथ तुरंत प्रभाव से पुनः कार्यग्रहण (Re-Joining) करने की स्वीकृति निम्नलिखित शतों के अध्यधीन एतद् द्वारा प्रदान की जाती है:-

क्र. सं.	नाम प्रार्थी श्री/सुश्री/श्रीमती मय पिता का नाम	तत्कालीन भू-प्रबन्ध कार्यालय का नाम	इस विभाग से कार्यमुक्त दिनांक	आवंटित कार्यालय
1	अंबिका पुत्री श्री राजेश डिडेल	उदयपुर	04.10.2023	उदयपुर
2	धर्मेन्द्र सिंह राजावत पुत्र श्री बलबीर सिंह राजावत	भरतपुर	29.09.2023	भीलवाडा
3	अजय सिंह पहाडिया पुत्र श्री हरि सिंह पहाडिया	जयपुर	04.10.2023	भीलवाडा
4	चिरंजी लाल सोयल पुत्र श्री पप्पू लाल सोयल	जयपुर	04.10.2023	भीलवाडा
5	जीतेश कुमार मीना पुत्र श्री मुरारी लाल मीना	भरतपुर	29.09.2023	भीलवाडा
6	राजेश कुमार रातावाल पुत्र श्री चोथमल रातावाल	टोंक	29.09.2023	टोंक
7	अक्षय पाल सिंह पुत्र श्री भारत सिंह	जोधपुर	29.09.2023	जोधपुर
8	प्रिंयका मीना पुत्री श्री राम सिंह मीना	अजमेर	06.10.2023	अजमेर

Signature valid
Digitally signed by Alpa Choudhary
Designation : Director
Date: 2026.08.19 12:02:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23075882
M e-Sign

9	ज्योति कुमारी पटेल पुत्री श्री हेमराज पटेल	उदयपुर	04.10.2023	उदयपुर
10	वैभव कुमार बैरवा पुत्र श्री प्रभु दयाल बैरवा	टोंक	04.10.2023	टोंक
11	अरविन्द बेनीवाल पुत्र प्यारेलाल बेनीवाल	सीकर	21.02.2024	भीलवाडा
12	लक्ष्मी नारायण मीना पुत्र श्री मन्ना लाल मीना	टोंक	04.10.2023	टोंक

अनिवार्य विधिक एवं सेवा शर्तें:

1. सेवा अन्तराल व नियमनः पूर्व सेवा छोड़ने (कार्यमुक्त होने) तथा इस कार्यालय में पुनः कार्यग्रहण करने के मध्य की अवधि को "Break in Service" (सेवा भंग) नहीं माना जाएगा। उक्त मध्य की अवधि के नियमितीकरण, वरिष्ठता (Seniority), पेंशन योग्यता एवं असाधारण अवकाश (EOL) का अंतिम निर्धारण वित्त विभाग / कार्मिक विभाग (DOP) अथवा राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा भविष्य में जारी होने वाले नीतिगत दिशा-निर्देशों के पूर्णतः अध्यधीन रहेगा।
2. परिवीक्षा काल (Probation Period) की निरंतरता परिवीक्षाधीन पटवारियों (Probationer Trainees) का पूर्व में व्यतीत किया जा चुका परिवीक्षा काल मान्य होगा तथा उनका शेष रहा परिवीक्षा काल (Remaining Probation Period) इस आदेश के तहत पुनः कार्यग्रहण की तिथि से यथावत निरंतर संचालित रहेगा। इनका स्थायीकरण (Confirmation) कुल 2 वर्ष की सक्रिय सेवा अवधि पूर्ण होने एवं राजस्व मण्डल के निर्देशानुसार ही देय होगा।
3. वेतन विसंगतिः पुलिस विभाग में सेवा/प्रशिक्षण के दौरान की अवधि का कोई भी वेतन राजस्व विभाग द्वारा देय नहीं होगा।
4. आपराधिक / विभागीय जांच सम्बन्धी विधिक शर्तेः यह आदेश इस अनिवार्य शर्त पर जारी किया जा रहा है कि कार्मिक उक्त भर्ती से संबंधित किसी भी आपराधिक मामले / पेपर लीक या पुलिस/SOG जांच में आरोपी नहीं हैं और न ही कोई विभागीय जांच लंबित है। संलिप्तता पाए जाने पर यह नियुक्ति आदेश स्वतः ही निरस्त (Null and Void) माना जाएगा।

संबंधित कार्मिक तुरंत अपने आवंटित भू-प्रबन्ध कार्यालय में अपनी उपस्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

भू-प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Alpa Choudhary
Designation : Director
Date: 2026.08.19 12:02:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23075882
M e-Sign

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. संयुक्त शासन सचिव, राजस्व (ग्रुप-1) विभाग, जयपुर।
2. निबन्धक (भू.अ.) राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर।
3. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर ।
4. निजी सचिव, भू प्रबन्ध आयुक्त, राजस्थान जयपुर।
5. निजी सहायक, अतिरिक्त भू प्रबन्ध आयुक्त राजस्थान जयपुर।
6. प्रभारी, प्रशिक्षण शाला, मुख्यालय को दी जाकर लेख है कि संबंधित भू-प्रबन्ध अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर उक्त कार्मिकों के शेष प्रशिक्षण को पूर्ण करवाये जाने की व्यवस्था करावे।
7. प्रभारी न्याय एवं कोर्ट शाखा।
8. संबंधित भू-प्रबन्ध अधिकारी ।
9. संबंधित कार्मिक श्री.....को भेजकर लेख है कि पटवारी पद पर कार्यग्रहण करने से पूर्व पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक पद पर कार्यरत रहने को दौरान आपके विरुद्ध कोई विभागीय कार्यवाही / फौजदारी प्रकरण विचाराधीन / लम्बित नहीं होने के क्रम में शपथ पत्र तथा नवीनतम पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, मय दो नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही पटवारी पद पर पुनः उपस्थिति स्वीकार की जावेगी।
10. आई टी प्रभारी, को दी जाकर लेख है कि उक्त आदेश को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाये।
11. निजी पंजिका सम्बन्धित श्री / सुश्री / श्रीमती.....द्वारा संबंधित कार्यालय।
12. रक्षित पत्रावली

भू-प्रबन्ध आयुक्त,
राजस्थान, जयपुर

Signature valid
Digitally signed by Alpa Choudhary
Designation : Director
Date: 2026.08.19 13:02:21 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 23075882
M e-Sign